# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
10/03/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Hindustan (Meerut,UP.)**



आरएएफ जवानों और महिलाओं ने कैंडल जलाकर शहीदों को नमन किया।



शुक्रवार को विश्व महिला दिवस पर 108 आरएएफ जवानों और उनके परिजनों ने कैंडल मार्च निकाला।

## Hindustan (Meerut,UP.)

# जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात

मेरठ | कार्यालय संवाददाता

गुरुवार को इनपुट मिला था कि शुक्रवार को जुमे की नमाज में कुछ लोग विरोध दर्ज करा सकते हैं। इसे लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। फैज-ए-आम इंटर कॉलेज स्थित मस्जिद के बाहर सड़क पर भारी संख्या में फोर्स तैनात रहा। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण होने पर अफसरों ने राहत की सांस ली।

मेहताब सिनेमा से लेकर शांति फार्म हाउस तक पुलिस, पीएसी और आरएएफ का पहरा है। पुलिस फोर्स लगातार पूरे मछेरान इलाके में गश्त कर रही है। विवादित स्थानों पर खुद पुलिस अफसर कैंप किए हुए हैं।

फैज-ए-आम इंटर कॉलेज के सामने तिराहे पर बुलंदशहर के एसपी क्राइम शिवराम यादव पुलिस फोर्स के साथ डेरा जमाए हुए हैं। जहां आगजनी हुई, वहां कैंट एएसपी रामअर्ज और आरएएफ के अधिकारी कैंप किए हुए हैं। यहीं पर आरएएफ के दंगा नियंत्रण वाहन को तैनात किया हुआ है। भूसा मंडी पुलिस चौकी पर सदर थाने के एसओ विजय गुप्ता सहित बाहरी जिलों के पुलिस फोर्स को लगाया है। जली कोठी चौराहा पर पीएसी तैनात की गई है। बुधवार को अवैध निर्माण तोड़ने के बाद जब उपद्रव शुरू हुआ तो मछेरान और आसपास के इलाके की दुक[ानें] बंद हो गई थीं। ये दुकानें अब तक न[हीं] खुल सकी हैं। शुक्रवार को मेहता[ब] सिनेमा से लेकर शांति फार्म हाउस त[क] दुकानों पर ताला नजर आया। इक्का दुक्का दुकानें ही खुली दिखी। पुलिस [के] मुताबिक, पत्थरबाजी और उपद्रव क[रने वालों] में अधिकांश स्थानीय लोग हैं। इ[नमें] कुछ वे भी हैं जो दुकान बंद कर उप[द्रव] में शामिल हो गए थे। इसलिए दुकान[दार] अभी दुकान खोलने से डर रहे हैं।




शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान फोर्स अलर्ट रहा, घंटाघर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। • हिन्दुस्तान

### सात जिलों का फोर्स

मेरठ सहित मुजफ्फरनगर, शामली, हापुड़, बुलंदशहर, नोएडा और गाजियाबाद से पुलिस फोर्स अभी मछेरान में डेरा डाले हुए है। इसके अलावा दो कंपनी आरएएफ और एक कंपनी पीएसी तैनात है। माना जा रहा है कि शनिवार से दुकानें खुलवाकर फोर्स में थोड़ा ढील दी जा सकती है।



हाथों में बंदूक लिए आरएएफ-108 की महिला बटालियन शुक्रवार को मछेरान में मुस्तैदी से ड्यूटी करती नजर आईं। इन्हें उपद्रव प्रभावित इलाके में शांति [बहाल] बनाए रखने के लिए खासतौर पर तैनात किया गया है। • हिन्दुस्तान

2019-3-9 10:42

Hindustan (Meerut,UP.)

# आरएएफ का कैंडल मार्च

मेरठ। 108 आरएफ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। ऐसे कार्मिक जिनकी विभिन्न कारणों से मौत हो गई उनके परिवार के लोगों को आमंत्रित कर उनका उचित सम्मान किया गया। उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया ताकि उन्हें सरकार द्वारा मान्य हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा सके। 14 फरवरी को जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी हमले में जो जांबाज जवान शहीद हो गए उनके लिए 108 वीं आरएएफ के परिवार कल्याण केंद्र की समस्त महिलाएं एवं मांडवी सेवा समिति ने कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च कैंपस से पुट्टा गांव, सुशांत-सिटी होते हुए वापस कैंपस में पहुंचा। यहां दो मिनट का शहीदों के सम्मान में मौन भी रखा गया।

**Swatantra Bharat (Lucknow,UP.)**

# महिला दिवस पर शहीदों की विधवाओं का सम्मान



लखनऊ। 91 बटालियन द्रुत कार्य बल के परिवार कल्याण केन्द्र (कावा) के तत्वावधान में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बटालियन मुख्यालय पर किया गया। जिसमें रेखा सिंह (बटालियन कावा अध्यक्षा) एवं बल के अधिकारियों व कार्मिकों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान रेखा सिंह ने नारी सशक्तिकरण के विषय पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रकट किये। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा कर रही हैं। इस आयोजन के दौरान उन्होंने शहीद कार्मिकों की विधवाओं परिजनों की समस्याओं की गहनता से जानकारी लेकर निस्तारण का आश्वासन भी दिया। वहीं कमांडेंट वी प्रताप सिंह ने उपस्थित सभी महिला शहीद कार्मिकों की विधवाओं परिजनों को संबोधित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और जल्द निवारण के लिए आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर शहीद सैनिकों की विधवाओं व परिजनों को सम्मानित भी किया गया।

**Swatantra Chetna(Lucknow,UP.)**

# 91 बटा. द्रुत कार्य बल ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

चेतना समाचार सेवा

लखनऊ। 91 बटा. द्रुत कार्य बल के परिवार कल्याण केन्द्र (कावा) के तत्वावधान में दिांक 08 मार्च 2019 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बटालियन मुख्यालय में किया गया। जिसमें श्रीमती रेखा सिंह (बटालियन कावा अध्यक्षा) एवं बल के अधिकारियों/कार्मिकों की महिलाओं ने भाग लिया।



इस दौरान अध्यक्षा द्वारा नारी सशक्तिकरण के विषय पर भी प्रकाश डाला गया। आयोजन के दौरान अपने विचार प्रकट करते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में महिलायें हर क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा कर रही है। इस आयोजन के दौरान उनके द्वारा बल के शहीद कार्मिकों की विधवाओं/परिजनों की समस्याओं की गहनता से जानकारी ली गयी व मौखिक निस्तारण का आश्ववासम भी दिया। साथ ही वी.प्रताप सिंह, कमाण्डेन्ट 91 बटा., द्रुत कार्य बल के द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं व शहीद कार्मिकों की विधवाओं/परिजनों को सम्बोधित किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुनी गया एवं बटालियन के द्वारा जल्द निवारण हेतु आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर शहीद कार्मिकों की विधवाओं/परिजनों को सम्मानित भी किया गया एवं बताया कि यह राष्ट्र हमेशा शहीदों का ऋणी रहेगा।

**Dainik Jagran (Prayagraj,UP.)**

# महिला आरएएफ कर्मियों को सम्मान

प्रयागराज : 101 द्रुत कार्य बल के शांतिपुरम् स्थित कैंप में महिला आरएएफ कर्मियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस सुनीता अग्रवाल ने सम्मानित किया। अंत में कमांडेंट राजकुमार निगम ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF







सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।